01-09-2020

# असामाजिक गतिविधि रोकथाम अधिनियम-1985

**प्रश्न :-** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. गुजरात में पासा अधिनियम 1985 से लागू है।
2. इस कानून में आदी अपराधियों को एहतियाततन हिरासत में रखने का प्रावधान हैं।
3. हाल ही में गुजरात सरकार ने असामाजिक गतिविधि रोकथाम अधिनियम 1985 में संशोधन करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है।

उपरोक्त में से कौन सा कथन सत्य हैं :

(A) केवल 1　　(B) केवल 1, 2

(C) केवल 1, 2, 3　　(D) इनमें से कोई नहीं

**उत्तर :-** (C) केवल 1, 2, 3

**भूमिका :-** हाल ही में गुजरात सरकार ने असामाजिक गतिविधि रोकथाम (पासा) अधिनियम, 1985 में संशोधन करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है।

**परीक्षा उपयोगी बिंदु :-**

- ❖ गुजरात सरकार ने राज्य में साइबर अपराध और महिलाओं की सुरक्षा के लिए अपने दायरे को बढ़ाकर असामाजिक गतिविधि रोकथाम (पासा) अधिनियम, 1985 में संशोधन करने का निर्णय लिया हैं।
- ❖ इस कानून में आदी अपराधियों को एहतियाततन हिरासत में रखने का प्रावधान हैं।
- ❖ गुजरात सरकार के मुख्यमंत्री कार्यालय के अनुसार, इस संशोधन का लक्ष्य गुजरात की शांतिपूर्ण व सुरक्षित राज्य के रूप में पहचान बनाना हैं। अधिनियम के तहत आने वाले अपराध को अब पासा दंड सहिता में अलग से शामिल किया जाएगा।
- ❖ गुजरात में पासा (PASA) अधिनियम 1985 में से लागू हैं।
- ❖ फिलहाल गुजरात के पासा कानून में हथियार की अवैध खरीद ब्रिकी, अवैध शराब ब्रिकी, जुआ, वेश्यावृति और गौहत्या जैसे अपराध शामिल हैं।
- ❖ गुजरात सरकार के गृहविभाग का भी कामकाज देख रहे मुख्यमंत्री विजय रूपाणी असामाजिक गतिविधि रोकथाम अधिनियम, 1985 संशोधन करने के लिए अध्यादेश का प्रस्ताव मंत्रिमंडल की बैठक में रखेगें।
- ❖ भारतीय अपराध संहिता, 1860 और यौन अपराधों के खिलाफ बच्चों का संरक्षक (पॉस्को) अधिनियम के तहत आने वाले अपराध को अब पासा दंड सहिता में अलग से शामिल किया जाएगा।

DOWNLOAD KAUTILYA ACADEMY APP FROM GOOGLE PLAY STORE
AND GET FREE DAILY CURRENT AFFAIRS

## मिशन अल्फा और गगनयान

**प्रश्न :-** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. अंतरिक्ष यात्री थॉमस पेसक्वेट पहले भी नवंबर 2016 से जून 2017 के बीच आईएसएस पर छह महीना रह चुके हैं।
2. गगनयान को 2020 तक अंतरिक्ष में भेजने की योजना हैं।
3. इसरो के मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम के तहत गगनयान पहला भारतीय अंतरिक्षयात्री यान हैं।

उपरोक्त में से कौन सा कथन सत्य हैं :

(A) केवल 1 (B) केवल 1, 2
(C) केवल 3 (D) केवल 1, 2, 3

**उत्तर :-** (D) केवल 1, 2, 3

**भूमिका :-** भारत और फ्रांस की अंतरिक्ष एजेंसियों के बीच गगनयान के अंतरिक्ष यात्रियों को आवश्यक उपकरण मुहैया कराने के लिए अग्रिम चरण की बातचीत हो रही हैं। अधिकारियों ने बताया कि अगले साल 'मिशन अल्फा' के लिए फ्रांस के अंतरिक्ष यात्री थॉमस पेसक्वेट द्वारा इसी तरह के उपकरण का इस्तेमाल होगा।

**परीक्षा उपयोगी बिंदु :-**

❖ मिशन अल्फा फ्रांस के अंतरिक्ष यात्री थॉमस पेसक्वेट को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन भेजने के लिए शुरू किया गया मिशन हैं।

❖ अंतरिक्ष यात्री थॉमस पेसक्वेट अगले साल की शुरूआत में क्रु ड्रेगन अंतरिक्ष यान से अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन वापस जाएंगे।

❖ थॉमस पेसक्वेट पहले भी नवंबर 2016 से जून 2017 के बीच आईएसएस पर छह महीना रह चुके हैं।

❖ इसरो के मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम के तहत गगयान पहला भारतीय अंतरिक्षयात्री यान हैं।

❖ गगनयान को 2022 तक अंतरिक्ष में भेजने की योजना हैं।

❖ इसे शक्तिशाली GSLV-MK-III रॉकेट द्वारा प्रक्षेपित किया जाएगा।

❖ गगनयान उन्नत संस्करण डॉकिंग क्षमता से युक्त होगा। इसमें एक क्रु मॉड्यूल और एक सर्विस मॉड्यूल होगा।

❖ मिशन गगनयान की एक अन्य खासियत यह भी है कि इसकी कमान एक महिला के हाथ में होगी।

DOWNLOAD KAUTILYA ACADEMY APP FROM GOOGLE PLAY STORE
AND GET FREE DAILY CURRENT AFFAIRS

## जल जीवन मिशन- आपूर्ति मापन और निगरानी

**प्रश्न** :- निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. संविधान के 73 वें संशोधन के अनुसार ग्राम पंचायतों के ग्राम स्तर पर पेयजल आपूर्ति का प्रबंधन करता हैं।
2. जल जीवन मिशन 'सेवा वितरण' पर केन्द्रित हैं, न कि केवल बुनियादी ढ़ाचे के निर्माण पर।
3. केन्द्र सरकार के महत्वकांक्षी कार्यक्रम जल जीवन मिशन को राज्यों की साझेदारी मे लागू किया जा रहा हैं, जिसका उद्देश्य वर्ष 2024 तक देश के प्रत्येक ग्रामीण परिवार को चालू घरेलू नल कनेक्शन प्रदान करना हैं।

**उपरोक्त में से कौन सा कथन सत्य हैं :**

(A) केवल 1 (B) केवल 1, 2
(C) केवल 3 (D) केवल 1, 2, 3

**उत्तर** :- (D) केवल 1, 2, 3

**भूमिका** :- जल जीवन मिशन ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति सेवा के मापने और इस पर निगरानी रखने के लिए एक स्मार्ट ग्रामीण जल आपूर्ति पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करेगा।

**परीक्षा उपयोगी बिंदु** :-

❖ केन्द्र सरकार के महत्वकांक्षी कार्यक्रम जल जीवन मिशन को राज्यों की साझेदारी में लागू किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य वर्ष 2024 तक देश के प्रत्येक ग्रामीण परिवार को चालू घरेलू नल कनेक्शन प्रदान करना हैं।

❖ यह मिशन 'सेवा वितरण' पर केन्द्रित है न कि केवल बुनियादी ढांचे के निर्माण पर।

❖ संविधान के 73 वें संशोधन के अनुसार, ग्राम पंचायतों को ग्राम स्तर पर पेयजल आपूर्ति का प्रबंधन करना हैं।

❖ इस प्रकार ग्राम पंचायत तथा इसकी उप-समिति यानी ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति/पानी समिति को जल प्रबंधन, जल सेवा वितरण, गंदा जल शोधन और उसे पुनः उपयोग लायक बनाने, नियमित रूप से पीने के पानी की आपूर्ति के लिए गांव में जल आपूर्ति के बुनियादी ढांचे के संचालन और रखरखाव, पानी की आपूर्ति सेवाओं के वितरण के लिए उपयोगकर्ता के रूप में कार्य करना आवश्यक हैं।

❖ राज्यों और ग्राम पंचायतों या इसकी उप-समिति यानी पानी समिति को सुविधा प्रदान करने हेतु जल सेवा वितरण की माप और निगरानी के लिए एक स्वचलित प्रणाली आवश्यक है।

DOWNLOAD KAUTILYA ACADEMY APP FROM GOOGLE PLAY STORE
AND GET FREE DAILY CURRENT AFFAIRS

- यह सेवा की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए जल सेवा वितरण की आधुनिक तकनीक के उपयोग और निगरानी तथा स्वचालित रूप से सेवा वितरण डेटा को एकत्रित करने और इसे संचारित करने के लिए आवश्यक हैं।

□□□□□

□□□□□

DOWNLOAD KAUTILYA ACADEMY APP FROM GOOGLE PLAY STORE
AND GET FREE DAILY CURRENT AFFAIRS